प्रातःकाल संवाददाता

मुंबई। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, उप क्षेत्रीय कार्यालय ठाणे द्वारा 10 मार्च तक ईएसआईसी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। श्रमिकों को जागरूक करने ईएसआईसी ने ईपीएफओ के साथ प्रशांत कॉर्नर, वागले एस्टेट ठाणे के सभागार में ईएसआईसी के विभिन्न प्रावधानों से अवगत कराने कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन धीरेंद्र कुमार, सहायक निदेशक, ईएसआईसी, उप क्षेत्रीय कार्यालय ठाणे ने निखिल गुप्ता, अधीक्षक, ईएसआईसी, उप क्षेत्रीय कार्यालय ठाणे, संधू नायर, प्रवर्तन कार्यालय, ईपीएफओ के साथ किया।

धीरेन्द्र कुमार ने श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया एवं ईएसआईसी की गतिविधियों को साझा किया।